# नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना में मुस्कान और डॉली को कलेक्टर ने दिया लैपटॉप





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुस्कान और डॉली के चेहरे में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब कलेक्टर कार्यालय के सभागार में नि:शक्त प्रोत्साहन याजना के तहत कलेक्टर ने उन्हें लेपटॉप देकर अच्छी पढ़ाई के लिए शुभकामनाऐं प्रेषित की। बता दें कि कल 01 अप्रैल 2025 को जिला कलेक्टर छिन्दवाड़ा शिलेन्द्र सिंह द्वारा सुश्री मुस्कान वर्मा, बी0ए0 प्रथम वर्ष अध्ययनरत की छात्रा निवासी पातालेश्व वार्ड छिन्दवाडा एवं सुश्री डॉली मालवी कक्षा 12वी अध्ययनरत निवासी मोहन नगर छिन्दवाड़ा को मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत पात्र मेघावी छात्र/छात्राओं को आगामी अध्ययन में सुविधा को दृटिगत रखते हेतु लैपटॉप वितरण किया गया।

लैपटॉप वितरण किए जाने के समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिन्दवाड़ा अग्रिम कुमार, अति0 कलेक्टर जिला छिन्दवाड़ा के.सी. बोपचे, अति0 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिन्दवाडा श्री राजोदिया एवं जिले के अन्य समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बदमाशों पर रहेगी पुलिस की तीसरी ऑख



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के अलग-अलग इलाको में सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जा रहे हैं, शहर में सीसीटीव्ही से नजर रखने के लिये पुलिस कंट्रोल रुम स्थापित किया गया हैं जहां इन कैमरो के जरिये पैनी नजर रखी जाती हैं। जन सहयोग से लगाये जाने वाले सीसीटीव्ही कैमरो की एक्सेस लिंक भी पुलिस को मिलती रहेगी, जहां यह कैमरे लगाये जा रहे हैं, उन इलाको में भी पुलिस की नजर बनी रहेगी। किसी भी वारदात घटना के तुरंत बाद सीसीटीव्ही फुटेज के जरिये अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को तत्काल सहायता मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पांडे द्वारा जनता से अपील की है सीसीटीव्ही कैमरो को दुकानों, चौक चौराहो एवं महत्वपूर्ण स्थलो में जरुर लगवाएं, जिससे होने वाली गतिविधियों /संदिग्धो पर पैनी नजर रखी जा सकें। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरों के बारे में जानकारी रिकार्ड में रखें, क्योंकि जब कोई अपराध घटित होता हैं तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीव्ही फुटेज की सहायता लेती हैं। आज के समय अपराधों की रोकथाम और छानबीन के लिये नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा हैं। सीसीटीव्ही कैमरा के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता हैं, जनता का सहयोग मिलने पर पुलिस प्रत्येक अपराध पर अंकुश लगा सकती हैं। जनता पुलिस के बीच आपसी तालमेल से कार्य करने पर कोई अपराधी पुलिस की पैनी नजर से बच नही सकता, लोगो को अपनी सुरक्षा के लिये चिन्हित स्थान व दुकानों के आसपास सीसीटीव्ही लगाने से यदि कोई भी आपराधिक गतिविधि होने पर भी आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को आसानी होगी। जिले में अपराधों की रोकथाम व असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिये आमजन से सीसीटीव्ही कैमरा लगाने की अपील की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर चौकी प्रभारी सिंगोड़ी पंकज राय द्वारा जन सहयोग से ग्राम जमुनिया निवासी हितेश पिता मोतीलाल साहू व पंकज पिता राजाराम साहू द्वारा ग्राम की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं नागरिको की सम्पत्ति की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्वयं के व्यय पर सार्वजनिक स्थलो/बाजार चौक जुमनिया में सीसीटीव्ही कैमरे लगवाये गये हैं। पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा द्वारा समाज में सुरक्षा का वातावरण तैयार करने हेतु सीसीटीव्ही कैमरों को लगवाये जाने पर इनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## सार समाचार

### एरिया लेबर फाउंडेशन की अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी में किया बच्चों का स्वागत एवं पुस्तकों का वितरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 01 अप्रैल 2025 को वार्ड क्रमांक 19 में पातालेश्वर स्कूल एवं ऑगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 08 में स्कूल एवं ऑगनवाड़ी में स्कूल का पहला दिन अप्रैल के दिन सभी बच्चे एवं पालकगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम समाज सेविका संतोषी गजभिये द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर सभी बच्चों को तिलक लगाकर फूलों से स्वागत किया गया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर



बच्चों को शाला द्वारा दी गई, पुस्तकों का वितरण एवं आशीर्वाद दिया गया, जिनमें मुख्य रूप से पार्षद अरूणा कुशवाह, शिरीका, रंजना चाटे, सुशीला उईके, सी. शर्मा एवं ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता माग्रेट इमेरिन सिंह, कमला सोलंकी, प्रीति यादव, अनिल गजभिये ने उपस्थित होकर कार्यक्रम सफ्ल बनाया।

### दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था मनाएगी विश्व स्वलीनता दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज बुधवार 2 अप्रैल 2025 को छिंदवाड़ा में दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विविध अनुष्ठानों के साथ विश्व स्वलीनता दिवस मनाया जावेगा।

आधार फाउंडेशन के संस्थापक इंजी. महेश किंथ एवं संचालिका सरिता पांडे ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10:30 बजे होगा जिसके मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुधीर जैन सम्मिलित होंगे जिनके साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन करेंगे।

कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को ट्रायसिकल सहित अन्य उपकरणों का वितरण अतिथियों के हस्ते किया जावेगा जिसमें सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने की अपील आयोजक मंडल द्वारा जिले वासियों से की गई है।

### समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य के लिए कुलगुरु ने किया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पीजी कॉलेज के भूतपूर्व स्वयं सेवक शिवसिंग डेहरिया लगातार समाज सेवा के क्षेत्र कार्य करते रहते है। रक्तदान, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण एवं विभिन्न जागरूकजता कार्यक्रमों में सहभागिता देते एवं जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों को रक्तदान भी करते है। ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाते रहते है। सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करते है।



महाविद्यालय होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता भी देते है। इन्ही कार्यो को देखते हुए विगत दिवस शिवसिंग डेहरिया को एनएसस के मच से राजा शंकर विश्वविद्यालय के कुलगुरू इंद्ररप्रसाद त्रिपाठी, पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा, राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक विनोद तिवारी, पीजी कॉलेज जनभागीदारी अध्यक्ष भरत घई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेन्द्र साहू, डॉ. मंशाराम उईके एवं डॉ. निधि डोडानी ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का ऐलान, मांगे नहीं मानीं तो करेंगे 22 अप्रैल से आंदोलन




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आज सरकार के सामने अपनी मांगें रखीं और उन्हें पूरा करने का वादा याद दिलवाया। साथ ही मांगें नहीं माने जाने पर पूरे प्रदेश में हड़ताल की चेतावनी भी दी।

कर्मचारियों कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अन्तर्गत 20 वर्षों से अधिक समय से लगभग 32 हजार कर्मचारी प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारू रूप से देते आ रहे हैं। कोरोनाकाल जैसे गंभीर महामारी में भी अपने परिवार एवं जीवन की परवाह किए बगैर सेवाएँ दी हैं। इन्हीं सेवा-भाव को दृष्टिगत रखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा 04 अगत 2023 को भोपाल में महापंचायत बुलाकर संविदा कर्मचारियों के लिए अनेक घोषणाएँ की थी। जिसके परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 अगस्त 2023 को संविदा कर्मचारियों के लिए एक नीति की सौगात दी गई, परन्तु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के द्वारा संविदा कर्मचारियों को दी गई सुविधाओं में कटौती की गई है। यह पूरी तरह गलत है।

कर्मचारियों ने आगे कहा कि उनकी मांग है कि विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन किया जाकर नियमित किया जाए और अन्य सभी मांगें मानी जाएं। अपनी मांग पूरी करवाने के लिए कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

काली पट्टी बांधकर, रैली निकालकर और ज्ञापन सौंपकर सरकार को मांगें याद दिलाएंगे। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश में 22 अप्रैल से संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चित काल के लिए हड़ताल पर चले जाएंगे।

# अग्रवाल समाज की महिलाओं ने की गणगौर की पूजा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 16 दिन से अग्रवाल समाज में गणगौर की पूजा चल रही थी जिसका आज समापन हुआ सुबह की पूजा राकेश अग्रवाल के निवास स्थान संकट मोचन कॉलोनी पर हुई इसके इसके बाद शाम को सभी अग्रवाल समाज की महिलाएं छोटा तालाब पर पहुंची और सभी ने मिलकर गणगौर का विसर्जन किया। विसर्जन के समय समाज की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बबीता अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, सारिक लत, नीना लात, अनामिक लत, श्वेता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रीता अग्रवाल उपस्थित रहे।

# उड़ीसा से गांजा तस्कर को पकड़ लाई पुलिस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में छिंदवाड़ा पुलिस की लगातार कार्यवाही के चलते मंगलवार को कोतवाली को बड़ी सफ्लता हाथ लगी है। दरअसल कोतवाली पुलिस ने 700 किलोमीटर दूर से गांजा तस्करी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि 14 नवम्बर को 44 किलो गांजा कोतवाली पुलिस द्वारा जप्त किया गया था जिसमे 06 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पकड़ाए आरोपी किशन सिंग सिद्धू द्वारा जप्तसुदा 44 किलो गांजा उडीसा के जिला कालाहाण्डी का रहने वाला आदम सुना से खरीदा हुआ बताया था।

जिला कालाहाण्डी अति नकसली प्रभावित क्षेत्र होने के बवजूद भी आरोपी आदम सुना को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक अजय पाण्ड़े के माध्यम से पुलिस उप महा निर्देशक से उड़ीसा राज्य जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु अति पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन पर थाना कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार गोल्हानी द्वारा टीम गठित करते हुए भेजी गई थी। जहां उसे कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर छिंदवाड़ा लाया गया। टीम के द्वारा आरोपी आदम सुना की तलाश उड़ीसा के जिला कालाहाण्डी मे छिंदवाड़ा की कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार 04-05 दिन अलग-अलग स्थानो पर की गई।

इस दौरान पुलिस को कई प्रकार की चुनौती का सामना करना पड़ा। लेकिन लगातार दबिश देने के बाद कोतवाली पुलिस को तलनुआ गाँव मणीकेरा थाना एम. रामपुर उड़ीसा आरोपी आदम सुना को पकड़ा जिससे पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।

इस बड़ी कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी, उप निरीक्षक नरेश कुमार झारिया, प्रधान आरक्षक रविन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक शैलेन्द्र राजपूत द्वारा आरोपी आदम सुना जो दुर्गम एवं नक्सलाईड प्रभावित क्षेत्र का रहने वाला है। कोतवाली पुलिस की इस टीम ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मानकादेही स्कूल में लगा एफएलएन मेला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन शिक्षा केंद्र कन्हरगांव की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानकदेही कलाँ में कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर मेले का आयोजन किया गया।

मेले में कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के साथ पालकों ने भाग लिया मेले के संबंध में जानकारी देते हुए जन शिक्षक वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि जन शिक्षा केंद्र की 28 प्राथमिक शालाओं में कक्षा पहली और दूसरे में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ उनकी माता और पिता के साथ जन प्रतिनिधीयों को भी आमंत्रित किया गयाएजिसमें विद्यार्थियों के द्वारा 6 मॉडल पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित में बच्चों की समझ बच्चों का कोना सहित विभिन्न विधाओं पर बच्चों ने अपना प्रदर्शन कर मेले का आनंद उठाया। साथ ही पालकों ने अपने अध्यनरत बच्चों का स्तर जाना।

मेले को लेकर बच्चों और पालक को दोनों में उत्साह देखा गया। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला मानकादेही कला में संस्था के प्रधान पाठक पुष्पा उइके, कक्षा पहली और दूसरी पढ़ने वाले शिक्षक अनूप ठाकरे के साथ जन प्रतिनिधी रमेश चंद्रवंशी एवं शिक्षक हरिराम अहिरवार, अब्दुल एहफाज़ कादरी, अलका शुक्ला, किरण साहू की उपस्थिति में मेले का आयोजन किया गया।



# पांजरा में सांसद कप की विजेता बनी चंदनगांव की टीम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ग्राम पांजरा में 15 मार्च से चल रही सांसद कप प्रतियोगिता का सोमवार की रात को फाइनल मुकाबले के साथ समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में चंदनगांव की टीम विजेता रही, जिसे सांसद बंटी विवेक साहू ने पुरूस्कार स्वरूप 51 हजार और ट्राफी दी।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और इस तरह के आयोजन आगे भी निरंतर किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पांजरा जैसे छोटे से गांव में डे नाईट क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जाना सराहनीय है। हमारे द्वारा निरंतर गांवों और शहरों में छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों जिलेभर में सांसद महाकुंभ का आयोजन किया गया जिसमें लाखों खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी पतिभा का परिचय दिया जिसमें से आज कई खिलाड़ी नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रहे है।

## कुल 32 टीमों ने लिया स्पर्धा में भाग

एकता क्लब पांजरा द्वारा आयोजित सांसद कप डे.नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 32 ग्रामीण टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 51 हजार व ट्राफी] द्वितीय पुरस्कार 21 हजार व ट्राफी रखी गई थी। इस टूनामेंट में 9 खिलाड़ी एक पंचायत से होना अनिवार्य था, दो खिलाड़ी बाहर के हो सकते थे।

जिसमें फाइनल में पांजरा और चंदनगाव के बीच मुकाबला हुआ। चंदनगाव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और निर्धारित 12 ओवर में 89 रन बनाए। जिसमें मोहित ने 31 रन की पारी खेली, अखिलेश ने 3 व राघवेंद्र ने 2 विकेट लिए। जवाब में पांजरा 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान में 71 रन ही बना पाई। राघवेंद्र ने 39 रन की पारी खेली वहीं आदि ओर अमन ने दो दो विकेट लिए 18 रन से चंदनगाव ने यहां मुकाबला जीत कर सांसद कप अपने नाम किया। मेन ऑफ द मैच राघवेंद्र रघुवंशी, बेस्ट बैट्समैन रोहित काला, बेस्ट फील्डर हार्दिक, बेस्ट बॉलर आदिए बेस्ट कीपर संदीप, मैन ऑफ द सीरीज भूपेंद्र ठाकुर को दी गई।

डे-नाईट सांसद कप के फाइनल एवं समापन कार्यक्रम में मैदान स्तर पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी व ग्रामीणजन उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बंटी पटेल, वरिष्ठ नेता लखन वर्मा, संतोष पटेल, अरविंद राजपूत, बिटटू मंडराह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जय भम सेना ने राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन के संयुक्त तत्वाधान में आज जिले के दलित समुदाय के विभिन्न पुलिस प्रशासन के लोगों द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की जा रही है और जो एफ.आई.आर.दर्ज की जा रही है उसमें जिले के रसूखदारों लोगों को बचाया जा रहा है जिसमें आज संगठन के द्वारा राष्ट्रपति एवं राज्यपाल व जिला पुलिस अधीक्षक को सैकड़ों की तादाद में ज्ञापन सौंपा गया है जिले के दलित समुदाय को न्याय मिल सके। मुख्य मामला पीड़िता का आरोप सुरेश डोंगरे निवासी जैतपुर खुर्द के है जो कि दलित समुदाय से आते है 4-5 दिन पहले वहीं के दबंग लोगों के द्वारा उनको व उनकी पत्नि व बेटी के साथ मारपीट की गयी। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस चौकी उमरानाला द्वारा रसूखदारों को बचाया जा रहा है एवं जान से मारने की धमकी दे रहे है। दूसरा मामला पीड़ित बबलू कनौजे निवासी चंदनगांव ये भी दलित समुदाय से आते है कि इनके जान पहचान के व्यक्ति को इन्होंने शोकेस सामग्री एकम्प्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप उपयोग हेतु दिया था जिसकी शिकायत कोतवाली थाना छिन्दवाड़ा में करने के बाद भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

# चिन्हित जघन्य अपराधों एवं नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गत मंगलवार एक अप्रैल 2025 को जघन्य एवं चिन्हित अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें ऐसे मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया जो लंबे समय से अनसुलझे हैं।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, ए.एस.पी. आयुष गुप्ता भी उपस्थित रहे। पुलिस थानों के प्रभारियों और कोर्ट के डी.डी.पी., डी.पी.ओ., ए.डी.पी.ओ. ने बैठक में भाग लिया, जहां लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे गंभीर आपराधिक मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवेचना में किसी प्रकार की देरी न हो और दोषियों को जल्द से जल्द न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। एस.पी. अजय पांडे ने कहा कि सभी लंबित मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच पूरी कर अभियोजन की प्रक्रिया तेज की जाए। उन्होंने पुलिस और अभियोजन विभाग के बीच समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि किसी भी तकनीकी कारण से अपराधियों को राहत न मिले। बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे मामलों की नियमित निगरानी करें और अदालती प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इसके अलावा ए.डी.पी.ओ. को निर्देशित किया गया कि वे अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी सुनिश्चित करें, जिससे दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे प्रकरणों में किसी भी तरह की लापरवाही



न बरतें और तय समय-सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन (NCORD) जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक के दौरान बीते महीनों में नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। पुलिस विभाग द्वारा सिवनी से आए दो आरोपियों के कब्जे से 9.3 किलोग्राम गांजा जब्त करने की जानकारी दी गई।

इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि स्कूलों और कॉलेजों में गुटखा, सिगरेट और ई-सिगरेट के उपयोग पर नजर रखी जाए तथा छात्रों की काउंसलिंग करवाई जाए।

नगर निगम को निर्देश दिए गए कि कचरा एकत्रित करने वाले वाहनों से नशे के खिलाफ जागरूकता संबंधी स्लोगन प्रसारित किए जाएं। साथ ही जिले में मादक पदार्थों की बिक्री के हॉटस्पॉट की पहचान कर पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए। जेल प्रशासन को भी विशेष सतर्कता बरतने और एन.डी.पी.एस. मामलों में बंदियों की निगरानी बढ़ाने को कहा गया। सामाजिक न्याय विभाग ने गणतंत्र दिवस पर नशामुक्ति झांकी निकालने और प्रतियोगिताओं के जरिए जनजागृति फैलाने की जानकारी दी। नशामुक्ति केंद्र ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा कुछ स्थानों पर नशीले पदार्थों का सेवन किया जा रहा है, जिस पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को निषिद्ध दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण करने के निर्देश मिले। इसके अलावा जिले के हर ग्राम स्तर पर नशामुक्ति समिति बनाने और स्कूलों व धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी पर शराब बिक्री प्रतिबंधित करने की योजना पर चर्चा हुई।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में सभी विभाग अपनी-अपनी कार्रवाई का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करेंगे, जिससे जिले में नशे के खिलाफ एक प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके और जिले के युवा पीढ़ी एवं अन्य जो नशे की लत में है उन्हें इस अभियान के माध्यम से नशा मुक्त किया जा सके इसमें स्थानीय लोगों, समाजसेवियों का भी सहयोग लिया जा सकेगा। पुलिस अधिकारी नशा मुक्ति अभियान में विशेष रूचि लेकर कार्यवाही

# ग्राम पांसी में शेढ़ नदी पर किया बोरी बंधान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम पांसी स्थित शेढ़ नदी पर 156 बोरियों का बंधान कर जल संरक्षण का कार्य किया गया। इस कार्य में नवांकुर संस्था ग्राम, विकास प्रस्फुटन समिति डोंगरगाँव- मुंगमानी सेक्टर, नवांकुर संस्थाएं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, सीएमसीएलडीपी के छात्रों और जनसमुदाय की मौजूदगी में किया गया।

जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा ने बताया कि शेढ़ नदी में जनसमुदाय की सहभागिता से बनाये गये 156 बोरियों का बंधान जल संरक्षण व संवर्धन का प्रभावी संदेश देगा। ग्रीष्मकाल में पशु- पक्षियों, जीव- जंतुओं सहित आम नागरिकों के लिए जल की उपलब्धता रहेगी। इसके अलावा किसानों को कृषि कार्य में पानी और भूमिगत जल में वृद्धि होगी। यह कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के लिए निरंतर स्थानीय लोगों की सहभागिता से किया जा रहा है।


## थ्रेसर में फंसने से कृषक की मौत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** ग्राम बगलई में एक कृषक बाबा कौरव उम्र 52 साल की फसल थ्रेसिंग करते करते वक्त बोरी से फसल की नरवाई डाल रहा था कि इस दौरान वह बुरी थ्रेसर में फंस गया। जिससे किसान के दोनों हाथ तथा सिर थ्रेसर के कतर में पहुंचने से उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

*सार समाचार*

## बैंक ऑडिट पर सीए सेमिनार संपन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अप्रैल के प्रथम सप्ताह में सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों का आडिट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के द्वारा किया जाता है। इस ऑडिट प्रक्रिया को विस्तार से समझने एवं गुणवत्तापूर्वक ऑडिट नियत समय पर पूर्ण करने के लिए एक सेमिनार छिंदवाड़ा सी.पी.ई. चैप्टर सी ए एसोसिएशन के द्वारा विगत दिवस आयोजित किया गया। इस फुल डे सेमिनार में छिंदवाड़ा जिले के सभी अभ्यासरत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और आर्टिकल सहायकों ने भाग लिया और अपने ज्ञान को परिमार्जित किया। सेमिनार में नागपुर से स्वप्निल अग्रवाल, गोविंद बत्रा, यश वर्मा और अभीजीत केलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट विषय विषेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। जिन्होंने अपने ज्ञान भंडार से प्रतिभागियों को बैंक, ब्रांच आडिट की बारीकियों से अवगत करवाया। इन सभी विद्वानों ने ऑडिट प्लानिंग, डॉक्यूमेंटेशन, एडवांसेस, आइरेकनॉम्स, सीबीएस का उपयोग, लॉंग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट जैसे आवश्यक विषयों में अपने विचार रखे। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के डिप्टी जोनल मैनेजर रघुबंश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। जिन्होंने बैंकों की अंकेक्षकों से अपेक्षा विषय पर अपने विचार विस्तार से रखे। इस सेमिनार की संपूर्ण व्यवस्थाएँ एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन वर्मा, सचिव मोहित संचेती, कोषाध्यक्ष विशाल साहू और अमरत लालवानी ने संभाली। कार्यक्रम का मंच संचालन अंशुल सोनी ने किया और सभी वक्ताओं का परिचय प्रियंक अजमेरा, गगन बत्रा, सौरभ राय और संदेश दुबे ने सबके समक्ष रखा। चारों टेक्टिनकल सेशन में विराज ठाकुर, आलोक जैन, रूपेश गुप्ता और शैलेन्द्र अग्रवाल ने चेयरमैन का पद संभाला।







## नगर में जगह-जगह हुआ गणगौर पूजन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** राजस्थानी और मालवा की संस्कृति से जुड़ा मातृशक्ति प्रधान पर्व गणगौर पर महिलाओं ने गणगौर माता शंकर -पार्वती का पूजन उल्लास के साथ एमपीईबी कॉलोनी स्थित गायत्री नगर में ब्रजमोहन बसंतकुमार जोशी के निवास पर किया। इसी के साथ तीन दिवसीय चल समारोह भी प्रारंभ हुये। नगर में अन्य कई जगह से भी गणगौर पूजन हुआ हैं। ज्ञात हो कि इस पर्व में बालिकाएं अपने लिए अच्छे वर की कामना करती हैं और वहीं दूसरी ओर विवाहित महिलाएं अपने सुहाग के चिरजीवन की मंगल कामना का वर मांगती हैं।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को मिली प्रेरक की भूमिका

**गाडरवारा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीतला पटले ने स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिवस स्कूलों मे आज 2 अप्रेल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम हेतु अधिकारियो को किसी एक शाला मे उपस्थित रहकर प्रेरक की भूमिका मे एक कालखंड लेकर छात्र छात्राओं को अध्यापन एवं मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए है। तत्सम्बन्ध मे जारी आदेश के अनुसार एसडीएम कलावती ब्यारे को बीटीआई स्कूल, तहसीलदार प्रियंका नेताम को कन्या नवीन स्कूल, तहसीलदार आकाश दहारे को आदर्श स्कूल गाडरवारा, नायब तहसीलदार अनु जैन को कन्या उमाशा गाडरवारा, नायब तहसीलदार नीलम श्रीवास को उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, पूजा सोनी जनपद सीईओ साईंखेडा को सीएम राइज साईंखेडा, नपा सीएमओ वैभव देशमुख को शा उमावि सूखाखैरी को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

## महाविद्यालय चौरई में धाराप्रवाह स्पोकन इंग्लिश पर कार्यशाला आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चौरई में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित धाराप्रवाह स्पोकन इंग्लिश कैसे बोलें विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि वक्ता बतौर बोलते हुए शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि अंग्रेजी के विचारों का कार्मिक रूपांतरण अंतरर्राष्ट्रीय सर्वोच्च शक्ति है। अंग्रेजी भाषा कौशल की साधना से सारा संसार साधा जा सकता है। परिस्थिति की जरूरत के अनुसार अंग्रेजी के वाक्यों का निर्माण करें। प्रश्नों के उत्तर सीखने वालों के मुंह से बुलवाना आवश्यक है। शब्दों की जगह वाक्यांशों को बोलने का अभ्यास करें। किसी से जो अंग्रेजी में सुनें, उसे दोहराएं। पैराग्राफ पढ़कर उसे अपनी अंग्रेजी में बोलें। भावनाएं आपस में बांटें। छोटे-छोटे वाक्यों से शुरू करें। अंग्रेजी बोलने की गलतियों से न डरें। स्वयं से अंग्रेजी में बात करें। जब अंग्रेजी बोलें तब मातृभाषा को भूल जाएं। रोजाना बोलचाल के शब्दों का प्रयोग करें।

विभागाध्यक्ष अंग्रेजी प्रो. अर्चना तिवारी ने कहा कि स्पोकन इंग्लिश को सुधारने के लिए हमें व्याकरण के नियमों के बहुत अधिक प्रयोग के डर से बचें। छोटी-छोटी घटनाओं को कहानी की तरह अंग्रेजी में सुनाएं। अंग्रेजी के वर्तमान, भूतकाल और भविष्य काल के ढांचागत वाक्यों के समान और कई वाक्य उसी तर्ज पर बनाएं। प्राचार्य राम कुमार उसरेठे ने कहा कि परिस्थिति मुताबिक अंग्रेजी के सघन वाक्यों की विषद व्याख्या करना स्पोकन इंग्लिश में मदद करता है। अच्छे वक्ताओं को सुनकर उच्चारण में शुद्धता बढ़ती है। प्रो. चंद्रशेखर उसरेठे ने कहा कि अंग्रेजी बोलने की आदत बिना प्रयास के बनाई जाए क्योंकि प्रयास से किए काम तनाव लाते हैं। किसी भी भाषा को बोलने की महारत उसे जहन में महसूस करने से हासिल की जाती है।

# जनसुनवाई में शिकायत करने लाइन में लगे जिला पंचायत अध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय पुन्हार अपना पक्ष रखने की शिकायत करने जनसुनवाई में मंगलवार को आम जनता की तरह कतारबद्ध होकर कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पहुंचे।

उन्होंने बताया कि विगत 26 मार्च 2025 दिन बुधवार को चार तथाकथित लोगो के व्दारा मेरी जाति को लेकर कलेक्टर कार्यालय छिन्दवाड़ा में डाक व्दारा एक शिकायत पत्र दिया गया जिसमें उल्लेख किया गया कि मैं अनुसूचित जाति से नहीं आता हूं एंव मेरे व्दारा गलत तरीके से अनुसूचित जाति वर्ग की सीट से चुनाव लड़ा गया उसके अगले दिन 27 मार्च 2025 दिन गुरूवार को परासिया विधान सभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रही ज्योति डेहरिया व्दारा इस शिकायत को आधार बनाकर अपने सहयोगियों के साथ कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया।

जिसमें उनके व्दारा भी यह कहा गया कि मैं अनुसूचित जाति वर्ग से नहीं आता हूं। ज्ञापन की प्रति इस प्रेस नोट के साथ सलंग्न है। मेरे व्दारा कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा से अनुरोध किया गया है कि उक्त चारों तथाकथित शिकायतकर्ताओं को उपस्थित कराया जाएं एंव मेरी जाति प्रमाणित कराई जावें यह शिकायत पूरी तरह से फर्जी है एंव राजनैतिक व्देष भावना से प्रेरित है एवं मेरी प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने की मंशा से की गई है। मेरी जाति से जुड़े समस्त दस्तावेज मेरे पास सुरक्षित है।

अब कलेक्टर साहब शिकायतकर्ताओं एंव ज्योति डेहरिया एंव उनके सहयोगीगणों जिन्होनें ज्ञापन सौपा है उन्हे समक्ष उपस्थित कराकर



मेरी जाति प्रमाणित कराये अन्यथा मेरे व्दारा कानूनी कार्यवाही की जावेगी एंव मानहानि का मुकदमा किया जावेगा।

मैं पंचायत निर्वाचन चुनाव से पूर्व पेशे से एक अधिवक्ता रहा हूं और विगत 15 वर्षो से विधि व्यवसाय में हूं। कानून के मुताबिक शिकायतकर्ताओं को पहले यह सिद्ध करना होता है कि वह जो शिकायत कर रहा है वह तथ्यों के आधार पर कर रहा है एंव उसके पुख्ता प्रमाण उसके पास है।

मेरे विरूध हुई शिकायत में मुझे एक पक्षीय कार्यवाही कर संदेह दिख रहा है जिसमें जिला प्रशासन के कुछ अधिकारीगण भी शामिल है जो राजैनैतिक दबाब के चलते व्देषपूर्ण कार्यवाही करना चाह रहे है । मेरी जाति से जुड़े दस्तावेज मेरे पास पूर्ण सुरक्षित है मुझे संदेह है कि जिस राजनैतिक दबाब में मेरे खिलाफ कार्यवाही की जा रही है उसी राजनैतिक दबाब के चलते जांच को भी प्रभावित किया जा सकता है। मेरे जाति प्रमाण पत्र को दायरा पंजी से हटाया जा सकता है।

मेरे शाला दाखिल खारिज रजिस्टर को जलाया जा सकता है, रिकार्ड को गायब किया जा सकता है और मेरे जाति से जुड़े दस्तावेज अभिलेख नष्ट किये जा सकते है। इसलिये मै मीडिया के समक्ष सहयोग की मांग करता हूं एंव जिला प्रशासन से चारो शिकायतकर्ताओं एंव श्रीमति ज्योति डेहरिया एंव उनके सहयोगीगण उपस्थित होकर मेरी जाति प्रमाणित करे अन्यथा इस तरह की फर्जी शिकायत को नस्तीबंध किया जावें ।

# कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार एक अप्रैल 2025 को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 85 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।



जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पी एम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये।

जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम भरदागढ़ की शांति बोसोम व ग्राम गोफके पूरनलाल ने भू-अधिकार पट्टा दिलाने, ग्राम बखारी के मंगलसी भारती ने खानदानी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने की अनुमति दिलाने, चांद के दयाराम धुर्वे ने स्वरोजगार के लिये शासन की योजना का लाभ दिलाने, ग्राम दीघावानी के हरसेवक ने अपनी जमीन का त्रुटिपूर्ण सीमांकन किये जाने पर त्वरित जांच कराने, ग्राम सांख की संध्या साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि प्रदान करने, ग्राम तिवड़ा के संतकुमार ने शासन की योजना के अंतर्गत मनरेगा में किये गये कार्य की राशि दिलाने, तामिया की रूषमा धुर्वे व ग्राम धूसावानी की कमलाबाई ने संबल योजना का हितलाभ दिलाने व ग्राम उमरानाला की श्रीमती वंदना पवार ने गरीबी रेखा में नाम जोड़ने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी सी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये। यहां पर विशेष बात यह है कि जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय पुन्हार भी जाति प्रमाण पत्र को लेकर कलेक्टर कोआवेदन दिया।

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंगलवार 01 अप्रैल 2025 को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 28/2023 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी दीपक दर्शमा पिता प्यारेलाल लाल उम्र 25 साल निवासी ग्राम कांगला थाना दमुआ, जिला छिंदवाड़ा को मृतिका सरस्वती बाई की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं कि 9 अगस्त 2023 को दोपहर 3:00 से 4:00 के बीच स्थान ग्राम कंगला थाना दमुआ जिला छिंदवाड़ा में मृतिका सरस्वती ढीकू जो कि उसकी विवाहिता पत्नी थी उसे प्रताड़ित कर उसके साथ क्रूरता कारित कर उसकी हत्या करने के आशय से यह जानते हुए उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर उसे अत्यधिक उपहति पहुंचा कर उसकी हत्या की थी। घटना के पूर्व मृतिका आरोपी के साथ होना प्रमाणित पाए जाने के आधार मामला संदेह से परे प्रमाणित हुआ। दिनांक 11 अगस्त 2023 को शासकीय मेडिकल अस्पताल जबलपुर में स्थित चौकी थाना गड़ा में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामकृष्ण को वार्ड बाय पवन कुमार द्वारा सूचना दी गई 10 अगस्त 2023 को आहत सरस्वती पति दीपक दर्शमा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कांगला थाना दमुआ को आग से 86 से 90 प्रतिशत जलने के बाद उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है।

प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर कर सघन विवेचना कर अपराध पंजीकृत किया गया था, थाना दमुआ पुलिस द्वारा आरोपी दीपक दर्शमा के विरुद्ध धारा 498 एवं 302 भा.दं.वि. का अपराध क्रमांक 234/2023 पंजीबद्ध कर न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में कल 18 गवाहों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी दीपक दर्शमा को सजा सुनाई गई।